रोज़ा-20
माहे रमज़ान
सहरी 04 : 58
इफ़तार 06 : 30

हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025 | अंक 157/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-





शिवशंकर आयुर्वेदिक
● डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)
● श्री स्वागत तोडकर ● तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
----- विशेष उपचार -----
वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन : 9112079000 / 8605245080
सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।


**स्कूली शिक्षा** मंत्री दादा भुसे ने सदन में की घोषणा

# सरकारी स्कूलों में इसी सत्र से लागू होगा सीबीएसई पैटर्न

**मुंबई.**

महाराष्ट्र राज्य शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने के संबंध में सरकार ने निर्देश जारी किया है। इसी शैक्षणिक वर्ष से महाराष्ट्र बोर्ड के स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक स्तर में सुधार करना है। राज्य के शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने सदन में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ पिछली बैठक के बाद इस मामले पर समीक्षा चल रही थी। अब सीबीएसई पैटर्न के लागू होने से छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।



राज्य में तीसरी से बारहवीं तक के स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने के लिए सुकाणू समिति की रिपोर्ट को मान्यता दे दी है। इस संबंध में राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने विधान परिषद में जानकारी दी। भाजपा नेता और विधायक प्रसाद लाड द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री दादा भुसे ने कहा कि सीबीएसई के पाठ्यक्रम के तहत मराठी में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी और आगामी 1 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा हाल ही में मंत्रालय में सभी विभागों के अगले 100 दिनों के कार्यों का जायजा लिया गया था। इस दौरान शालेय शिक्षण विभाग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में फिर से एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सीबीएसई पॅटर्न को राज्य में लागू करने और उसमें राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार सुधार करने की भी बात की। राज्य में सीबीएसई पैटर्न के तहत लागू होने से राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

**सरकारी स्कूल में सीबीएसई पैटर्न लागू होना अच्छी बात**

सीबीएसई पाठ्यक्रम अपनाने से छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा मिलेगी, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। महाराष्ट्र के छात्र सीबीएसई पैटर्न के माध्यम से देशभर के छात्रों के समान अवसर प्राप्त करेंगे। यह बदलाव क्षेत्रीय भाषा के महत्व को बनाए रखते हुए राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करेगा। सीबीएसई आधारित शिक्षा से प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। महाराष्ट्र को फिर से एक अग्रणी शैक्षणिक राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# गाजा पर इजरायल का बड़ा हमला

**इजरायली.**

इजरायली सेना ने गाजा पर महाविनाशकारी हमला किया है। इस हमले में काफी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार गाजा में इजरायल का यह हमला बुधवार को रातभर से और बृहस्पतिवार को सुबह भी जारी है। इन हमलों में बड़ी संख्या में फिलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा में चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है। चिकित्सकों ने बताया कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस और रफा शहरों तथा उत्तरी शहर बेत लाहिया में स्थित मकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि उन्होंने अभी मौतों की कुल संख्या नहीं बताई है। अलजजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार सुबह-सुबह गाजा के उत्तर और दक्षिण में हुए इस हमले में 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इजरायल हमास में संघर्ष विराम करीब एक हफ्ते पहले ही टूट चुका है। इसके बाद से इजरायली सेना लगातार गाजा पर भीषण हमले कर रही है। 3 दिनों पहले भी गाजा पर इजरायल ने बड़ा हमला किया था, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इजरायली बंधकों को रिहा नहीं किए जाने से हमास पर खफा हो गए हैं। लिहाजा उन्होंने अपनी सेना को फिर से हमास पर बड़े हमले करने का आदेश दे दिया है। इसके बाद इजरायली सेना ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में जमीनी अभियान भी शुरू कर दिया है।



**नेतन्याहू ने क्यों कहा कि 'अभी तो ये हमलों का आगाज है'**

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार तक गाजा में 400 से ज्यादा मौतें हो जाने के बाद कहा कि अभी तो ये हमलों का आगाज है। अभी हमास का पूरी तरह खात्मा करना हमारा लक्ष्य है। इजरायली पीएम ने कहा कि अगर हमास बंधकों को रिहा नहीं करता तो उसे इससे भी ज्यादा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बता दें कि गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सीजफायर टूटने के बाद मंगलवार के हमले में गाजा में 436 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 183 बच्चे भी शामिल थे।

# प्रयागराज में अराजक तत्वों का आतंक

**बंद जनरल स्टोर पर फेंके 3 बम**



**प्रयागराज.** संगम नगरी प्रयागराज में बेखौफ अपराधियों ने बुधवार की रात को बमबाजी की है. अराज कतत्वों ने दहशत फैलाने के लिए बमबाजी की घटना को अंजाम दिया है. यहां जनरल स्टोर की बंद दुकानों पर देर रात बमबाजी की गई है. एक के बाद एक लगातार तीन बम फेंके गए हैं. अब पुलिस की जांच जारी है और ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो चुकी है. दरअसल, प्रयागराज के पुराना कटरा कचहरी रोड थाना के कर्नलगंज का यह मामला बताया जा रहा है. यहां हुई बमबाजी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो चुकी है. अब इस घटना की जांच जारी है.

बताया जाता है कि देर रात बदमाशों बंद पड़ी जनरल स्टोर की दुकान पर बमबाजी की है. पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है. लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी वहां पहुंचे थे. आरोपियों ने एक के बाद एक लगातार तीन बम फेंके हैं. बम फेंकने के बाद लगातार तीन धमाके होते हैं और इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की गई है. अब इस घटना के बाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट है और कई जगहों पर जांच के साथ छापेमारी चल रही है. हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस के ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है. दूसरी ओर अभी तक आरोपियों की पहचान भी नहीं हो पाई है. हालांकि इस मामले में अब अलग-अलग एंगल से जांच की जा रही है. पुलिस के सूत्रों की माने तो जल्द ही इस घटना का खुलासा हो जाएगा. बता दें कि बीते कुछ महीनों में प्रयागराज के दौरान यह ऐसी पहली घटना है.

# बीड़ में बिना अनुमति 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक



**बीड़.**

महाराष्ट्र के बीड़ जिले में बिना अनुमति पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह आदेश दो अप्रैल तक प्रभावी रहेगा. एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह आदेश सड़क पर झगड़े और छोटी-मोटी हिंसा के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने और उसके परिणामस्वरूप हुए विरोध प्रदर्शनों और साथ ही 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं जारी रहने के मद्देनजर पारित किया गया है. शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर प्रशासन ने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 37(1) (3) के तहत निषेधाज्ञा लागू की है. बता दें मध्य महाराष्ट्र का बीड जिला पिछले चार महीनों से मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को लेकर सुर्खियों में है. दरअसल, सरपंच देशमुख को पिछले साल नौ दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया और प्रताड़ित किया गया था. इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई.

वहीं नागपुर में भड़की हिंसा के पहले और बाद में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर साइबर सेल की टीम कारवाई कर रही है. कई ऐसे अकाउंट और उनका इस्तेमाल करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कारवाई भी हो रही है. नागपुर पुलिस ने अब तक ने 10 एफआईआर दर्ज की है.

साइबर सेल ने अब तक 97 ऐसे पोस्ट की पहचान की है जो झूठी जानकारी फैला रहे थे. इसके अलावा वहीं अब तक पुलिस ने 200 लोगों की पहचान कर ली है और अन्य 1,000 संदिग्धों की पहचान की जा रही है. हिंसा मामले में अब तक 90 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही हिंसा के बाद दो दिनों से प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू लागू है, जिसे आज सुरक्षा समीक्षा करने के बाद हटाया जा सकता है.

# शंभू, खनौरी बॉर्डर के पास इंटरनेट सेवा निलंबित



**चंडीगढ़.**

चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच कई किसान नेताओं को हिरासत में लेने के बाद अधिकारियों ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब प्रदर्शनकारी किसानों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। किसान अपने चल रहे आंदोलन के तहत इन सीमाओं पर एकत्र हुए थे, और सरकार से बेहतर नीतियों और समर्थन की मांग कर रहे थे। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए प्रमुख नेताओं को हिरासत में ले लिया।

जवाब में, सरकार ने गलत सूचना को रोकने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र में इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया। इंटरनेट सेवाओं के निलंबन की किसान यूनियनों और कार्यकर्ताओं ने आलोचना की है, जिनका तर्क है कि इस तरह के उपाय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। इस बीच, किसान नेताओं ने गतिरोध को हल करने के लिए सरकार के साथ नए सिरे से बातचीत करने का आह्वान किया है। स्थिति के और अधिक स्पष्ट होने पर आगे की प्रगति की प्रतीक्षा की जा रही है।

# आईयूएमएल की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सोनिया गांधी, जया बच्चन, अखिलेश यादव

**नई दिल्ली.** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से दिल्ली में गुरुवार (20 मार्च 2025) को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, सपा सांसद जया बच्चन शामिल हुईं. बीजेपी समेत कई दूसरे दलों के नेता बीते कुछ दिनों में इफ्तार पार्टी में शामिल हो चुके हैं. दिल्ली बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा ने रविवार (16 मार्च 2024) को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी शामिल हुए थे. उन्होंने कहा था कि रमजान के महीने में हमें अच्छी बातें बोलनी चाहिए. उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर मैं देश के मुसलमानों से कहना चाहता हूं कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार (17 मार्च 2025) को फुरफुरा शरीफ का दौरा किया था. यहां वह मौलवियों के साथ मीटिंग और इफ्तार दावत में शामिल हुईं. फुरफुरा शरीफ पश्चिम बंगाल के मुस्लिम समुदाय में एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है और यहां का प्रभाव मुस्लिम मतदाताओं पर काफी गहरा है. फुरफुरा शरीफ मुस्लिम समुदाय में गहरी जड़ें रखता है और यहां का असर आगामी चुनावों में अहम हो सकता है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस धार्मिक स्थल पर दौरा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है. कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) द्वारा आयोजित इफ्तार में शामिल हुए।



# कादीपोरा इलाके के कई घरों में लगी आग



**श्रीनगर.**

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के बुधवार को एकाएक भीषण आग लग गई। अनंतनाग के पुराने इलाके में आग लगने से अफरा-तफरी फैल गई। आग को बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों को बुलाना पड़ा। आग की चपेट में आने से काफी सारी मकान बुरी तरह से जल गए। इससे बड़े पैमाने पर लोगों का नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार अनंतनाग के पुराने शहर में लगी। भीषण आग लगने से एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए। आग कादीपोरा इलाके की भीड़भाड़ वाली गली में स्थित एक घर से दोपहर करीब 03.15 बजे आग लगी।

देखते ही देखते आग काफी मकानों में फैल गई। इसके बाद युद्ध स्तर पर आग को बुझाने के लिए दमकल को लगाया गया। मोटे तौर पर आग ने एक पूरे मोहल्ले को अपनी जद में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल को सबसे ज्यादा दिक्कत हवा चलने से हुई। स्थानीय लोगों ने भी आग को बुझाने में दमकल की मदद की। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जम्मू कश्मीर डिजास्टर रिस्पांस फोर्स के जवानों ने भी इस आग को बुझाने में मदद की। बाद में एसडीआरएफ ने इस घटना का ब्योरा भी साझा किया।

# सौरभ की मां ने लगाया मुस्कान के माता-पिता पर आरोप

**< पुलिस को गुमराह कर रहे**

**मेरठ.**



यूपी के मेरठ में मुस्कान नाम की महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत (पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी) की हत्या कर दी. हत्या के बाद दोनों ने सौरभ के 15 टुकड़े करके प्लास्टिक के ड्रम में डालकर सीमेंट से बंद कर दिया. पुलिस ने दोनों को अरेस्ट कर लिया है. दोनों से पूछताछ के आधार पर कई बड़े खुलासे हुए हैं. कल से मुस्कान के परिजन कैमरे पर आकर बयान दे रहे थे कि उनका दामाद अच्छा था और बेटी को फांसी की सजा होनी चाहिए. अब सौरभ राजपूत के परिजनों ने मुस्कान के माता-पिता पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जो बयान दिया था कि उन्हें घटना के बारे में पहले से नहीं पता था, वह पूरी तरह गलत है. सौरभ की मां रेणु देवी ने कहा कि मुस्कान के माता-पिता ने जो कहा कि उन्हें घटना के बारे में नहीं पता था तो वो पूरी तरह पुलिस को गुमराह कर रहे हैं. सच तो ये है कि मां को अपराध के बारे में पहले ही पता था. खुद को कानूनी कार्रवाई से बचाने के लिए ही वे पुलिस थाने गए.

रेणू देवी ने ये भी कहा कि छह साल की बेटी को सौरभ की मौत के बारे में पता था. मां ने ये भी कहा कि कुछ लोगों से ये भी पता चला है कि वह (सौरभ की बेटी) कह रही थी कि पापा ड्रम में हैं. इस मामले पर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है. दरअसल, इस बारे में बच्ची के परिवारवालों ने उसे बता दिया होगा या मुस्कान परिवारवालों को घटना की कहानी सुना रही होगी, तब ये बच्ची वहीं मौजूद होगी. बच्ची को इस बारे में कुछ पता नहीं था. वैसे पुलिस मुस्कान और साहिल को रिमांड में लेने के लिए कोर्ट में आवेदन करेगी. पूछताछ के दौरान मुस्कान ने पुलिस को बताया कि वह पिछले साल नवंबर से ही अपने पति सौरभ की हत्या की प्लानिंग कर रही थी. ये भी बात जांच में सामने आई है कि साहिल शुक्ला बहुत ज्यादा अंधविश्वासी था. पुलिस अधीक्षक ने ये भी बताया कि साहिल की मां का निधन हो चुका है. और मुस्कान ने इसका फायदा उठाया. उसने अपने भाई के नाम से स्नैपचैट पर एक फर्जी आईडी बनाई और फिर अपने प्रेमी से कहा कि तुम्हारी मरी हुई मां अवतरित हुई थी और कहा कि सौरभ का वध करना पड़ेगा. मुस्कान ने साहिल के अंधविश्वासी होने का फायदा उठाकर ऐसा अनुभव कराया कि वह उसकी मरी हुई मां से बात कर सकती है. यही नहीं मुस्कान ने अपने दोस्तों से इस बात की जानकारी भी ली थी कि उसे ऐसी जगह के बारे में बताएं जहां पूजा करने के बाद सामान दबाया जा सके. मुस्कान के दिमाग में था कि ऐसी जगह मिल जाए जहां वह सौरभ की हत्या के बाद शव को जमीन में गाड़ सके. जब मुस्कान को पता चला कि सौरभ फरवरी में आ रहा है तो उसने मुर्गा काटने के बहाने से चाकू खरीदा और बेहोशी की दवा भी ली और हत्या को अंजाम दिया. मुस्कान को पता था कि सौरभ के उसके परिवारवालों से संबंध अच्छे नहीं है, क्योंकि सौरभ ने मुस्कान से लव मैरिज की और साथ में रहने के लिए अपना घर छोड़ दिया था. इसके साथ ही सौरभ दो साल से बाहर रह रहा था. उसे लगा कोई नहीं पूछेगा लेकिन उसकी प्लानिंग में एक कमी रह गई. दरअसल, हत्या के बाद मुस्कान और साहिल हिमाचल चले गए और सौरभ का मोबाइल अपने साथ ले गए. वहीं से उन्होंने सौरभ की बहन चिंकी से व्हाटसऐप मैसेज पर बात की. जाहिर है बहन को अपने भाई से बातचीत का तरीका मालूम था.

# आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को सीएम योगी ने किया निलंबित

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन लिया है. प्रदेश के सीनियर आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को सस्पेंड कर दिया है. 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश वर्तमान में सचिव औद्योगिक विकास विभाग व इन्वेस्ट यूपी के सीईओ हैं. इस समय काफी महत्वपूर्ण विभाग उनके पास है. ऐसे में अभिषेक प्रकाश पर हुई कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है. बता दें कि आईएएस अभिषेक प्रकाश लंबे समय तक लखनऊ के डीएम रह चुके हैं. शिकायतकर्ता विश्वजीत दत्त ने उनके खिलाफ शिकायत की थी, जिसमें कहा था कि हमारा ग्रुप उत्तर प्रदेश में सोलर सेल और सोलर ऊर्जा से संबंधित कल पुर्जे बनाने का संयंत्र की इकाई की स्थापना करना चाहता है.

**2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं अभिषेक प्रकाश**

वहीं आईएएस अभिषेक प्रकाश की बात करें तो वह 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. वह प्रदेश में कई जिलों के डीएम रह चुके हैं. इसमें सबसे महत्वपूर्ण जिला राजधानी लखनऊ ही है. इस सयम वे इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के रूप में राज्य में निवेश को बढ़ावा देने का काम कर रहे थे, लेकिन भ्रष्टाचार के एक मामले में उन पर ये एक्शन हुआ है. इस समय यूपी के कई आईएएस और पीसीएस अधिकारियों पर कार्रवाई चल रही है. दो दिन पहले सस्पेंड चल रहे सात आईएएस और पीसीएस अधिकारियों को नई तैनाती दी गई थी. इनमें प्रतीक्षारत चल रहे आईएएस घनश्याम सिंह को विशेष सचिव वन बनाया गया था. वहीं चार पीसीएस अधिकारियों को भी नई तैनाती दी गई थी.

# नक्सलियों के खिलाफ हुए ऑपरेशन में 30 नक्सली ढेर

**नई दिल्ली.** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को इस साल गुरुवार को दूसरी बड़ी कामयाबी हाथ लगी। राज्य के बीजापुर और कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए 'नक्सल मुक्त भारत' ऑपरेशन में 30 नक्सली ढेर हो गए। घटना में बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान की भी मौत हो गई। इस साल 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ के इंद्रावती नेशनल पार्क के जंगलों में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ हुई थी, उसमें 31 नक्सली मारे गए थे। उसके बाद नक्सलियों के खिलाफ यह दूसरा बड़ा ऑपरेशन था। जिसमें 500 से अधिक जिला रिजर्व गार्ड और अन्य पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ 20 मार्च की सुबह करीब 7 बजे से दोपहर करीब दो बजे सात घंटे तक नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई।

CMYK

# मुंबई से दुबई तक फैलेगा रियल एस्टेट कारोबार

## > अडानी का मास्टर प्लान हुआ तैयार

**नई दिल्ली.**



गौतम अडानी ने पहले मुंबई के धारावी प्रोजेक्ट को हासिल किया. उसके बाद मुंबई के ही गोरेगांव स्थित मोतीलाल नगर के रीडेवलपमेंट के प्रोजेक्ट को हासिल करने के बाद अडानी ने पूरे देश को संकेत दे दिए कि अब वो रियल एस्टेट का बदशाह बनने की तैयारी कर रहे हैं. अब उन्होंने अपने इस रियल्टी कारोबार से जुड़े को प्यार को और ज्यादा गहरा कर लिया है. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार गौतम अडानी अपने कारोबार को दुबई तक फैलाने की तैयारी कर रहे हैं. अडानी मुंबई की धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास में भी शामिल है, जो दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गियों में से एक है और हॉलीवुड फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर की पृष्ठभूमि है. एमार इंडिया नई दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई जगहों पर आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाएं विकसित कर रही है.

इसके लिए उन्होंने दुबई की रियल एस्टेट फर्म की इंडिया यूनिट को खरीदने का मन बना लिया है. ये रियल एस्टेट ग्रुप काफी बड़ा है. जिसका नाम एमार ग्रुप है. जानकारी के अनुसार अडानी इस डील में 12 हजार करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी कर रहे हैं. अभी ये डील एडवांस बातचीत के लेवल पर पहुंच चुकी है. जानकारी के अनुसार अप्रैल तक इस डील के होने की संभावना जताई जा रही है. आइए आपको भी बताते है कि आखिर विदेशी मीडिया ग्रुप की ओर से किस तरह की जानकारी दी गई है.

**एमार और अडानी में बातचीत :** मामले से परिचित लोगों के अनुसार, अरबपति गौतम अडानी दुबई स्थित डेवलपर एमार ग्रुप की भारतीय यूनिट को 1.4 बिलियन डॉलर के संभावित वेंचर वैल्यू पर खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिससे एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति को रियल एस्टेट में विस्तार करने में मदद मिलेगी. अडानी परिवार और एमार एक लेन-देन की संरचना पर चर्चा कर रहे हैं, जिसमें एक अनलिस्टेड अडानी यूनिट द्वारा लगभग 400 मिलियन डॉलर की इक्विटी निवेश शामिल हो सकता है.

### अडानी के रियल पोर्टफोलियो का होगा विस्तार

एमार यूनिट के अधिग्रहण से भारत में अडानी के रियल एस्टेट पोर्टफोलियो का विस्तार होगा, जिसमें 24 मिलियन वर्ग फीट असेट और 61 मिलियन अंडर कंस्ट्रक्शन असेट शामिल है. अडानी परिवार की रियल एस्टेट यूनिट मुंबई में सबसे बड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट में से एक के पुनर्विकास के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी है, जिसकी अनुमानित कीमत 360 बिलियन रुपए है.

# 'झेनिया' ब्रांड के तहत एम्पाग्लिफ्लोजिन और कंबिनेशन का लॉन्च

**नई दिल्ली.**




भारतीय बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कंपनी यूएसवी ने झेनिया ब्रांड के तहत एम्पाग्लिफ्लोजिन और उसके कंबिनेशन लॉन्च किए हैं, जो टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए ग्लाइसेमिक नियंत्रण, हृदय रोग और पुरानी किडनी संबंधी बीमारियों के उपचार में मदद करेंगे। इस लॉन्च से यूएसवी की मौजूदगी 1,100 करोड़ रुपये के एसजी एलटी 2आई बाजार में और मजबूत हुई है, जिससे मौखिक एंटी-डायबिटीज़ उपचार में इसकी अग्रणी स्थिति और सशक्त हुई है।

यूएसवी ने झेनिया (एम्पा ग्लिफ्लोजिन 10 मिलीग्राम और 25 मिलीग्राम), झेनिया एम (एम्पाग्लिफ्लोजिन 12.5 मिलीग्राम + मेटफॉर्मिन 500 मिलीग्राम IR / 1000 मिलीग्राम एआर) और झेनिया एसटी (एम्पा ग्लिफ्लोजिन 25 मिलीग्राम + सीटाग्लिप्टिन 100 मिलीग्राम) को पेश किया है। ये कंबिनेशन मरीजों को अधिक लचीली खुराक, कम दवा बोझ और आधुनिक उपचार तक आसान पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे डायबिटीज़ से जुड़ी जटिलताओं और मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी।

यूएसवी के प्रबंध निदेशक प्रशांत तिवारी ने कहा, ''भारत में 101 मिलियन से अधिक लोग टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित हैं, जबकि 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं। झेनिया के लॉन्च के साथ, हमारा उद्देश्य आधुनिक डायबिटीज़ देखभाल को अधिक सुलभ बनाना और इस क्षेत्र में अपने नेतृत्व को और मजबूत करना है।

यूएसवी उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती चिकित्सा पद्धतियां उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिल सकें।

# आईपीओ जारी करने जा रही नागपुर की कंपनी




**नागपुर.**

नागपुर की कंपनी वर्चुअल गैलेक्सी इन्फोटेक लिमिटेड (वीजीआईएल) आईपीओ जारी करने जा रही है, अफ्रीकी बाजार में फैला विस्तार

नागपुर स्थित हाइब्रिड एसएएएस और एंटरप्राइज़ सॉफ़्टवेयर कंपनी वर्चुअल गैलेक्सी इन्फोटेक लिमिटेड (वीजीआईएल) ने घोषणा की है कि वह आईपीओ जारी करने जा रही है। इस कदम से कंपनी के वित्तीय और कारोबारी विस्तार को नया मोड़ मिलेगा। वीजीआईएल ने हाल ही में अफ्रीकी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है, खासकर तंजानिया और मलावी जैसे देशों में, और अब इसे वैश्विक आईटी समाधान प्रदाता के रूप में एक नए मुकाम पर लाकर खड़ा किया है।


कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में अब कई प्रमुख समाधान शामिल हैं, जिनमें वी-पे, ई-ऑटोप्सी, और वीजीएसटी जैसे उत्पाद शामिल हैं। वी-पे एक व्यापक डिजिटल पेमेंट समाधान है, जबकि ई-ऑटोप्सी अस्पतालों के पोस्टमार्टम विभागों के लिए ऑटोमेशन समाधान प्रदान करता है। वीजीएसटी जीएसटी अनुपालन की सुविधा प्रदान करने वाला एक उपकरण है, जो रिटर्न दाखिल करने, ई-इनवॉइस, और ईवे बिल बनाने में मदद करता है।

वीजीआईएल के ग्राहकों में वाणिज्यिक बैंक, सहकारी बैंक, एनबीएफसी, और विभिन्न वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि वह लाइसेंस और सदस्यता के माध्यम से अपने सॉफ़्टवेयर समाधान प्रदान करती है, जिससे नए ग्राहकों को जोड़ने और मौजूदा ग्राहकों के बीच उपयोगकर्ता आधार को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

कंपनी के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक सचिन पांडे ने बताया, "हमारी रणनीति राजस्व वृद्धि के लिए दोहरी दृष्टिकोण अपनाने की है, जिसमें नए ग्राहकों को जोड़ने और मौजूदा ग्राहकों के उपयोगकर्ता आधार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# आईआईएफएल रिलायंस कैपिटल के समाधान के लिए लगाई बोली

**मुंबई.**



आईआईएफएल रिलायंस कैपिटल (आरसीपी) के समाधान के लिए 9,650 करोड़ रुपये की बोली में सफल, हिंदुजा ने दी बड़ी जानकारी. आईआईएफएल ने रिलायंस कैपिटल (आरसीपी) के समाधान के लिए 9,650 करोड़ रुपये की बोली में सफलता प्राप्त की है। इसके बाद, कंपनी ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस (आरजीआईसी) की सॉल्वेंसी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो बोली राशि से अधिक था।

हिंदुजा समूह ने इस संदर्भ में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि तीन साल के मेहनत के बाद अब लेन-देन पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि "हमारी ओर से लेन-देन पूरा हो चुका है। जैसा कि हम बात कर रहे हैं, पैसा एक एस्क्रो से दूसरे एस्क्रो खाते में जा रहा है।"

आरसीपी, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ एक कोर निवेश कंपनी के रूप में पंजीकृत है, जिसमें रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, रिलायंस मनी, रिलायंस सिक्योरिटीज, रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस जैसी कई प्रमुख इकाइयाँ शामिल हैं।

बीमा कंपनियों की लिस्टिंग के बारे में हिंदुजा ने कहा कि यह दो साल के मूल्य सृजन के बाद हो सकता है। उन्होंने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने का भी भरोसा दिया और कहा कि वित्तीय सेवा फर्म में 1.28 लाख कर्मचारी हैं।

ब्रांडिंग को लेकर उन्होंने कहा कि "एनसीएलटी की मंजूरी के अनुसार तीन साल तक हम इसी नाम से काम जारी रख सकते हैं, लेकिन हम इंडसइंड ब्रांड को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं और पेशेवर एजेंसियां अधिग्रहण के बाद अभियान के लिए ब्रांड को मिलाने पर काम कर रही हैं।

# एलन मस्क को टेस्ला के सीईओ पद से हटाने की मांग

## > निवेशक ने उठाया इस्तीफे का मुद्दा

**नई दिल्ली.**




दुनिया के सबसे अमीर शख्स और इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मालिक एलन मस्क को कंपनी के सीईओ पद से हटाने की मांग उठी है. यह मांग टेस्ला में शेयर के जरिए निवेश करने वाले एक अमेरिकी निवेशक ने की है. निवेशक ने अमेरिकी टीवी शो में बातचीत के दौरान एलन मस्क पर कई आरोप लगाए. जिसकी वजह से उन्होंने मस्क से इस्तीफा मांगा और टेस्ला के लिए नई सीईओ की जरूरत बताई.

बता दें कि अमेरिकी शेयर बाजार में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव का दौर जारी है. इस बीच कुछ दिन पहले तक टेस्ला के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई. इससे निवेशकों का भारी नुकसान हुआ. इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि फिलहाल टेस्ला के शेयर हरे निशान के साथ कारोबार कर रहे हैं, लेकिन कई निवेशक टेस्ला के शेयरों में आई गिरावट से नहीं उबर पा रहे हैं.

अमेरिका में पिछले कुछ दिनों से मस्क की कंपनी टेस्ला का भारी विरोध हो रहा है. इस विरोध का असर कंपनी की बिक्री से लेकर शेयरों तक पर देखने को मिल रहा है. टेस्ला के शेयरों में निवेश करने वाले अमेरिकी निवेशक रॉस गेरवर ने टीवी शो के दौरान अपनी नाराजगी जाहिर की. उन्होंने बीते कई दिनों से गिर रहे टेस्ला के शेयरों से हुए नुकसान के चलते एलन मस्क से इस्तीफे तक की मांग कर डाली. उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद एलन मस्क को व्हाइट हाउस में जब से नई जिम्मेदारी मिली है, तब से वह कंपनी पर ध्यान नहीं दे रहे हैं.

टेस्ला निवेशक ने कहा कि मस्क ने अपनी कंपनी टेस्ला की प्रतिष्ठा को नष्ट करने का काम किया है. उन्होंने कहा,'मुझे लगता है कि अब टेस्ला को नए सीईओ की जरूरत है. मैंने आज इस बात को उठाने का फैसला किया है.' राष्ट्रपति के रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) ऐलान के बाद दुनियाभर में ट्रेड वॉर की आशंका तेज हो गई है. अमेरिकी शेयर बाजार में हड़कंप मचा हुआ है.टेस्ला के शेयर भी बहुत गिर गए थे. एक महीने के भीतर 34 प्रतिशत की गिरावट आई. यह ऑल टाइम हाई 488.54 डॉलर से घटकर 235.86 डॉलर पर आ गया.

**एलन मस्क ने दी थी सफाई :** बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में एलन मस्क को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है. ट्रंप ने पद संभालने के बाद सरकारी दक्षता विभाग का गठन किया और इसकी जिम्मेदारी एलन मस्क को सौंपी गई. जब टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई तो एलन मस्क ने भी अपनी सफाई में बड़ा बयान दिया. उन्होंने फॉक्स बिजनेस से बातचीत के दौरान अपनी समस्या के बारे में बताया था. उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस और टेस्ला के जिम्मेदारियों को बड़ी मुश्किल से मैनेज कर पा रहे हैं.

# शिपिंग सेक्टर पर सरकार का फोकस

**नई दिल्ली.**



शिपिंग से जुड़ी कंपनियों के शेयर में तेजी का सिलसिला जारी है। सप्ताह के चौथे दिन यानी गुरुवार को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और कोचीन शिपयार्ड जैसी शिपिंग कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई।गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स के शेयर की बात करें तो भाव करीब 10 फीसदी चढ़कर 1782.50 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर की बात करें तो यह 2764.95 रुपये तक पहुंचा। कोचीन शिपयार्ड की बात करें तो भाव 1495.80 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर के कारोबार में शेयर मुनाफावसूली मोड में आ गया। दोपहर के कारोबार में कोचीन शिपयार्ड के शेयर लाल निशान पर थे।

इस सेक्टर के शेयरों में यह तेजी ऐसे समय में आई है जब भारत सरकार जल्द ही 40,000 करोड़ रुपये के बजटीय फंड के साथ अपना दूसरा एडिशन शुरू करेगी। इसमें जहाज निर्माण, मरम्मत और रीसाइक्लिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सागरमाला 2.0 कार्यक्रम के साथ सरकार नए निवेश के साथ महत्वपूर्ण इंफ्रा की कमी को पूरा करने, तटीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक समुद्री नेता के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 40,000 करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन से इसका लक्ष्य अगले दशक में 12 ट्रिलियन रुपये के निवेश को बढ़ावा देना है।

ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का मानना है कि भारत के शिपिंग इंफ्रा स्ट्रक्चर में सुधार पर सरकार का मजबूत ध्यान कार्गो और यात्री क्षेत्रों में जहाज निर्माण में महत्वपूर्ण अवसर पैदा करेगा।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी सिप

## > निवेशकों के लिए एक नया अवसर

**मुंबई.**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने आज अपनी नई "छोटी सिप" सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई पहल, सेबी और एएमएफआई द्वारा शुरू की गई स्मॉल टिकट एसआईपी के तहत, म्यूचुअल फंड निवेश को आम भारतीयों के लिए और अधिक सुलभ बनाने का एक प्रयास है।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, "भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ लोग ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, और म्यूचुअल फंड के क्षेत्र में विस्तार की विशाल संभावना है। नई 'छोटी सिप' के साथ, कोई भी निवेशक महज ₹50 की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण यात्रा शुरू कर सकता है।"

"छोटी सिप" विशेष रूप से उन नए निवेशकों के लिए डिज़ाइन की गई है जो पहली बार म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहते हैं। इस सुविधा के तहत, निवेशक को हर महीने कम से कम ₹250 से निवेश शुरू करने का अवसर मिलेगा, और उन्हें अपनी निवेश यात्रा के लिए कम से कम 60 किस्तों के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा।

यह पहल, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले लोगों के लिए, म्यूचुअल फंड क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को कम करने में मदद करेगी। निवेशक को केवल एनएसीएच (नैश) या यूपीआई ऑटो-पे के माध्यम से किस्तों का भुगतान करना होगा।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने यह स्पष्ट किया कि वे किसी भी रिटर्न की गारंटी या वादा नहीं करते हैं और निवेशकों को अपनी योजना के उपयुक्तता के बारे में वित्तीय विशेषज्ञों और कर सलाहकारों से परामर्श करने की सलाह दी है।

## महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी

निकाल — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 12 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 20/03/2025

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SD-02 : 5493 | | | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1120 | पवार लॉटरी - ठाणे | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1136 पवार लॉटरी - ठाणे | 2361 महाराजा लॉटरी सेंटर, इचलकरंजी | 4381 | | |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1157 | 2013 | 3022 | 3973 | 5443 |
| 1165 | 2054 | 3038 | 4348 | 5452 |
| 1213 | 2432 | 3193 | 4466 | 5531 |
| 1685 | 2662 | 3322 | 4692 | 5631 |
| 1699 | 2723 | 3403 | 4742 | 5708 |
| 1708 | 2872 | 3430 | 4763 | 5875 |
| 1823 | 2903 | 3663 | 4807 | 5878 |
| 1915 | 2908 | 3818 | 4987 | 5934 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/03/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)
तिकीट किंमत 200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/03/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत दर गुरुवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 12 — सोडत दिनांक 20/03/2025

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | AP-05 : 4152 | | | | | |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 4152 | प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण, श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई | | | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1147 | 1305 | 2748 | 3022 | 5234 | 5258 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1282 | 3280 | 4016 | 4603 | 5427 | 5459 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1061 | 1089 | 3626 | 3803 | 3931 | 4313 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1849 | 2737 | 3216 | 5310 | 5429 | 6259 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1764 | 2253 | 2772 | 3233 | 3593 | 3943 | 4416 | 4932 | 5456 | 5756 | 6064 | 6505 |
| | | 1766 | 2257 | 2777 | 3263 | 3599 | 3950 | 4431 | 4958 | 5467 | 5759 | 6070 | 6549 |
| 1001 | 1325 | 1777 | 2267 | 2794 | 3273 | 3613 | 3965 | 4435 | 4961 | 5470 | 5775 | 6077 | 6564 |
| 1011 | 1329 | 1781 | 2278 | 2802 | 3280 | 3619 | 3978 | 4436 | 4967 | 5504 | 5784 | 6093 | 6567 |
| 1015 | 1336 | 1783 | 2292 | 2806 | 3302 | 3630 | 4000 | 4444 | 4982 | 5505 | 5792 | 6106 | 6576 |
| 1017 | 1352 | 1829 | 2296 | 2809 | 3310 | 3631 | 4004 | 4446 | 4989 | 5516 | 5805 | 6146 | 6580 |
| 1029 | 1366 | 1836 | 2297 | 2821 | 3311 | 3658 | 4011 | 4454 | 4994 | 5522 | 5816 | 6150 | 6590 |
| 1032 | 1381 | 1857 | 2324 | 2823 | 3315 | 3663 | 4036 | 4465 | 4998 | 5530 | 5832 | 6173 | 6601 |
| 1037 | 1400 | 1860 | 2328 | 2900 | 3317 | 3693 | 4037 | 4467 | 5000 | 5539 | 5842 | 6179 | 6604 |
| 1044 | 1407 | 1868 | 2334 | 2902 | 3326 | 3709 | 4043 | 4486 | 5009 | 5545 | 5850 | 6191 | 6606 |
| 1053 | 1415 | 1881 | 2335 | 2928 | 3330 | 3711 | 4044 | 4490 | 5018 | 5550 | 5853 | 6192 | 6613 |
| 1097 | 1471 | 1891 | 2367 | 2942 | 3334 | 3720 | 4067 | 4494 | 5036 | 5556 | 5854 | 6198 | 6633 |
| 1100 | 1488 | 1896 | 2376 | 2976 | 3336 | 3733 | 4073 | 4530 | 5043 | 5559 | 5855 | 6225 | 6641 |
| 1114 | 1490 | 1933 | 2378 | 2979 | 3345 | 3734 | 4126 | 4541 | 5053 | 5562 | 5856 | 6238 | 6642 |
| 1116 | 1491 | 1961 | 2382 | 2990 | 3347 | 3735 | 4174 | 4551 | 5056 | 5567 | 5857 | 6240 | 6643 |
| 1127 | 1496 | 1977 | 2384 | 2992 | 3353 | 3739 | 4186 | 4564 | 5057 | 5572 | 5865 | 6269 | 6651 |
| 1131 | 1499 | 1979 | 2390 | 3003 | 3354 | 3748 | 4194 | 4586 | 5058 | 5573 | 5872 | 6276 | 6689 |
| 1132 | 1517 | 1982 | 2394 | 3009 | 3365 | 3758 | 4214 | 4590 | 5059 | 5593 | 5873 | 6285 | 6695 |
| 1141 | 1527 | 1994 | 2416 | 3024 | 3377 | 3773 | 4216 | 4603 | 5118 | 5605 | 5875 | 6286 | 6708 |
| 1149 | 1536 | 1998 | 2420 | 3029 | 3380 | 3788 | 4235 | 4644 | 5121 | 5610 | 5877 | 6294 | 6715 |
| 1151 | 1559 | 2015 | 2467 | 3034 | 3392 | 3795 | 4250 | 4647 | 5135 | 5620 | 5885 | 6329 | 6759 |
| 1158 | 1560 | 2022 | 2502 | 3036 | 3431 | 3814 | 4255 | 4664 | 5151 | 5633 | 5887 | 6332 | 6762 |
| 1162 | 1568 | 2036 | 2558 | 3038 | 3445 | 3828 | 4286 | 4684 | 5175 | 5635 | 5894 | 6358 | 6766 |
| 1165 | 1569 | 2054 | 2560 | 3039 | 3465 | 3833 | 4302 | 4690 | 5222 | 5643 | 5927 | 6360 | 6777 |
| 1173 | 1587 | 2061 | 2565 | 3083 | 3483 | 3835 | 4310 | 4694 | 5242 | 5650 | 5932 | 6366 | 6778 |
| 1181 | 1590 | 2076 | 2585 | 3118 | 3493 | 3837 | 4330 | 4740 | 5247 | 5653 | 5948 | 6386 | 6785 |
| 1189 | 1609 | 2092 | 2602 | 3120 | 3498 | 3866 | 4349 | 4746 | 5257 | 5657 | 5953 | 6388 | 6786 |
| 1196 | 1618 | 2093 | 2658 | 3133 | 3515 | 3867 | 4356 | 4756 | 5309 | 5668 | 5959 | 6395 | 6799 |
| 1197 | 1634 | 2112 | 2682 | 3134 | 3526 | 3873 | 4358 | 4769 | 5334 | 5685 | 5978 | 6406 | 6803 |
| 1210 | 1651 | 2126 | 2691 | 3158 | 3532 | 3882 | 4390 | 4797 | 5350 | 5688 | 5987 | 6407 | 6807 |
| 1224 | 1691 | 2138 | 2719 | 3175 | 3543 | 3892 | 4394 | 4851 | 5357 | 5695 | 6024 | 6414 | 6827 |
| 1250 | 1711 | 2155 | 2726 | 3193 | 3553 | 3893 | 4402 | 4858 | 5367 | 5713 | 6025 | 6419 | 6860 |
| 1251 | 1717 | 2207 | 2729 | 3200 | 3561 | 3898 | 4404 | 4885 | 5375 | 5718 | 6027 | 6448 | 6871 |
| 1299 | 1741 | 2222 | 2735 | 3219 | 3563 | 3910 | 4410 | 4897 | 5397 | 5725 | 6032 | 6451 | 6880 |
| 1311 | 1747 | 2231 | 2762 | 3220 | 3571 | 3918 | 4411 | 4908 | 5423 | 5751 | 6050 | 6463 | 6966 |
| 1315 | 1761 | 2250 | 2766 | 3226 | 3575 | 3933 | 4415 | 4923 | 5440 | 5753 | 6062 | 6504 | 6997 |

महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 29/03/2025
जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे)
प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख — दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख
तिकीट किंमत ₹200/-
आकर्षक पुष्कराज — सोडत दिनांक 20/03/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — निकाल — सोडत संध्या. 5:00

सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 12 • तिकीट किं. रु.10/- • सोडत दिनांक 20/03/2025

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10000/- | MG-01 : 1372 | | | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 3265 | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2015 | 3361 | 3756 | 4590 ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी, पुणे | 6499 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1912 | 2685 | 3821 | 5448 | 5954 | 6646 | 7582 | 8073 |
| 1010 | 1928 | 2709 | 3850 | 5452 | 6016 | 6648 | 7639 | 8285 |
| 1113 | 2092 | 2764 | 3980 | 5534 | 6044 | 6670 | 7726 | 8448 |
| 1171 | 2108 | 2950 | 4448 | 5579 | 6116 | 6836 | 7749 | 8778 |
| 1241 | 2122 | 3081 | 4501 | 5614 | 6260 | 6895 | 7756 | 8821 |
| 1281 | 2128 | 3161 | 4831 | 5795 | 6265 | 6896 | 7766 | 8881 |
| 1745 | 2130 | 3351 | 5169 | 5823 | 6601 | 6973 | 7948 | 8887 |
| 1815 | 2260 | 3447 | 5249 | 5899 | 6605 | 7075 | 7974 | 8895 |
| 1859 | 2535 | 3617 | 5296 | 5903 | 6640 | 7536 | 7975 | 8981 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/03/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु.
दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे)
तिकीट किंमत ₹20/-
गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/03/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — निकाल — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 12 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 20/03/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 5475 | 5762 | 2233 | 7953 | 2143 |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 2578 | 8819 श्री अष्टविनायक लॉटरी - औरंगाबाद | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1568 | 3173 | 4114 | 6201 | 7188 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0822 | 2161 | 3023 | 4983 | 7482 | 7761 | 8297 | 9119 | 9727 | 9980 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1566 | 3063 | 3897 | 3923 | 4094 | 6272 | 6476 | 6838 | 9293 | 9656 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0774 | 1519 | 2201 | 3029 | 4134 | 4738 | 5668 | 6610 | 8300 | 8897 |
| | 0803 | 1531 | 2214 | 3243 | 4173 | 4743 | 5705 | 6644 | 8345 | 8903 |
| 0030 | 0887 | 1532 | 2234 | 3311 | 4175 | 4844 | 5739 | 6702 | 8426 | 9001 |
| 0040 | 0922 | 1577 | 2237 | 3313 | 4202 | 4862 | 5752 | 6719 | 8506 | 9014 |
| 0076 | 0930 | 1615 | 2247 | 3360 | 4212 | 4864 | 5820 | 6756 | 8508 | 9095 |
| 0100 | 0935 | 1637 | 2282 | 3369 | 4224 | 4884 | 5855 | 6931 | 8519 | 9218 |
| 0130 | 1017 | 1676 | 2300 | 3445 | 4245 | 4894 | 5960 | 7050 | 8521 | 9299 |
| 0140 | 1018 | 1691 | 2383 | 3493 | 4263 | 5103 | 5995 | 7051 | 8540 | 9353 |
| 0150 | 1101 | 1712 | 2447 | 3576 | 4289 | 5117 | 6007 | 7068 | 8584 | 9359 |
| 0178 | 1108 | 1718 | 2523 | 3711 | 4372 | 5228 | 6169 | 7070 | 8658 | 9363 |
| 0186 | 1124 | 1797 | 2552 | 3731 | 4421 | 5252 | 6272 | 7186 | 8687 | 9429 |
| 0285 | 1148 | 1814 | 2555 | 3732 | 4433 | 5296 | 6296 | 7374 | 8712 | 9769 |
| 0303 | 1154 | 1872 | 2720 | 3733 | 4454 | 5345 | 6309 | 7522 | 8734 | 9790 |
| 0462 | 1174 | 1894 | 2880 | 3746 | 4473 | 5474 | 6360 | 7593 | 8746 | 9799 |
| 0515 | 1224 | 1957 | 2889 | 3837 | 4474 | 5483 | 6406 | 7758 | 8754 | 9819 |
| 0543 | 1246 | 1974 | 2902 | 3886 | 4524 | 5501 | 6411 | 7785 | 8788 | 9921 |
| 0580 | 1331 | 1977 | 2969 | 3888 | 4590 | 5511 | 6476 | 7846 | 8824 | 9951 |
| 0702 | 1496 | 2021 | 2972 | 3955 | 4594 | 5520 | 6569 | 8039 | 8875 | 9953 |
| 0724 | 1502 | 2134 | 2997 | 4041 | 4611 | 5586 | 6595 | 8214 | 8876 | 9975 |

महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 29/03/2025
जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे)
प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख — दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख
तिकीट किंमत ₹200/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/03/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# एसआईपी में निवेश से घर खरीदने का सपना हो सकता है आसान

**नई दिल्ली.**

अपना घर खरीदना हर किसी का सपना होता है. लेकिन इस सपने को साकार करना काफी मुश्किल होता है क्योंकि प्रॉपर्टी की कीमतें भी दिनों दिन काफी तेजी से बढ़ते जा रही हैं. अधिकतर लोग अपना घर खरीदने के लिए बैंक से होम लोन लेते हैं. जिसको चुकाने में कई साल लग जाते हैं. हालांकि एसआईपी में निवेश करके आपको अपने लोन के बोझ से काफी हद तक मदद मिल सकती है.

अगर इस पर 12 फीसदी तक का आप ब्याज का हिसाब लगाएं तो 20 साल में आपका कुल निवेश 20,82,480 रुपए होगा. इस पर आपको करीब 65,87,126 रुपए ब्याज के रूप में मिल सकता है. इसका मतलब यह हुआ कि 20 साल बाद आपके पास 86,69,606 रुपए का फंड तैयार होगा और आपकी कुल लोन की लागत ( ब्याज और मूल राशि) 83,31,103 रुपए थी. अब इसी अवधि में एसआईपी के जरिए आप 20,82,480 का निवेश करके 86,69,606 रुपए का फंड भी तैयार कर सकते हैं. इस गणित के जरिए होम लोन की पूरी रकम वसूल की जा सकती है.

आपको एक उदाहरण के तौर पर बताएं तो आपने 20 साल के लिए अगर 8.5 फीसदी सालाना ब्याज दर पर 40 लाख रुपए का अगर होम लोन लिया है तो ऐसे में आपको लगातार 20 साल तक हर महीने 34,713 रुपए की ईएमआई चुकानी होगी. यानी 40 लाख रुपए के लोन पर आपको लगातार 20 साल में 43,31,103 रुपए का ब्याज देना होगा. 20 साल बाद लोन पर आप मूल राशि और ब्याज राशि को मिलाकर कुल 83,31,103 रुपए का पेमेंट कर चुके होंगे.

### घर खरीदने के लिए आसान निवेश योजना

सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी सिप की पेशकश म्युचुअल फंड करता है. यह एक तरह की निवेश की योजना होती है. इसमें आप कोई एकमुश्त निवेश करने के बजाय हर महीने-महीने में एक बार म्युचुअल फंड स्कीम में एक तय राशि में निवेश कर सकते हैं. जो आपके घर खरीदने के सपने को आसान बना सकता है.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
चंद्रपुर जिले के दाताला में प्रस्तावित खेल परिसर स्थानीय और जिला एथलीटों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी और विभिन्न ओलंपिक खेलों के लिए आवश्यक तकनीकी और भौतिक सुविधाएं यहां विकसित की जाएंगी। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल से चंद्रपुर जिले के युवा एथलीटों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का अवसर मिलेगा। यह परिसर भविष्य के ओलम्पियनों और राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों के विकास में बहुत महत्वपूर्ण होगा।

इस निर्णय से खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है और ऐसा माना जा रहा है कि चंद्रपुर जिले में खेल क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

## प्रगतिशील महाराष्ट्र के निर्माण में 'महाड' सत्याग्रह का विशेष योगदान : एड. सुनील डोंगरे

> बहुजन समाज पार्टी की ओर से डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को नमन

**चंद्रपुर,**



बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुनील डोंगरे ने कहा कि महापुरुष और भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा किया गया महाड़ चवदार झील सत्याग्रह देश के विकास और प्रगतिशील महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अछूतों के लिए समानता का द्वार खोलने और दुनिया को सामाजिक न्याय का संदेश देने वाला महाड़ चवदार झील सत्याग्रह सिर्फ पानी के लिए नहीं था, बल्कि मौलिक मानवाधिकारों के लिए भी था।

सामाजिक समानता और मौलिक मानवाधिकारों के लिए बाबासाहेब के सत्याग्रह को 98 वर्ष हो चुके हैं। इस अवसर पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डोंगरे की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों ने महाड़ चवदार जाकर महापुरुष का अभिवादन किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मुकुंद सोनवणे, रामचंद्र जाधव, पुणे जिला प्रभारी महेश जगताप, मोहम्मद शफी, अनिल त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य किरण अल्हड़, एडवोकेट अशोक रामटेके, बालासाहेब हाटगले, प्रदेश सचिव राम सुमेर जैसवाल, राजपाल गावंडे उपस्थित थे।

जाति व्यवस्था को चुनौती देते हुए डॉ. बाबासाहेब ने इन झीलों को अछूतों के लिए खोलने के लिए एक बड़ा संघर्ष किया। एडवोकेट डोंगरे ने आगे कहा कि बसपा महापुरुष के संघर्ष को एक सूत्र में बांधकर 'सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय' के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि चवदार झील सत्याग्रह के बाद डॉ. अंबेडकर को अदालती मुकदमे का सामना करना पड़ा था। लेकिन, बाबासाहेब ने यह लड़ाई जीत ली। अधिवक्ता डोंगरे ने कहा कि समतामूलक समाज बनाने के लिए अभी भी शिक्षित और संगठित तरीके से लड़ाई लड़ने की जरूरत है। दुनिया को यह समझाने की लड़ाई कि 'हम भी इंसान हैं' अभी ख़त्म नहीं हुई है। इसलिए इस महाड़ सत्याग्रह का महत्व आज भी उजागर होता है, इन शब्दों के साथ बसपा के क्षेत्रीय महासचिव एवं पश्चिम महाराष्ट्र जोन प्रभारी डॉ. हुलगेश चालवाड़ी ने महाड़ चावदार झील सत्याग्रह दिवस के अवसर पर महामहिम को शुभकामनाएं दीं। बहुजनों को एकजुट होकर बसपा के नीले झंडे के नीचे संघर्ष करना होगा। इस अवसर पर डॉ. चलवाड़ी ने बसपा को सत्ताधारी पार्टी बनाने के लिए उसके राजनीतिक आंदोलन को मजबूत करने की भी अपील की।

## ड्राइवर को आया चक्कर और बस खेत में पलट गई

> 17 यात्री घायल, 2 गंभीर
> चिमूर-पिंपलनेरी राष्ट्रीय राजमार्ग की घटना

**चंद्रपुर,**

चिमूर डिपो की बस एमएच 40-सीएम-4418 सुबह 10:30 बजे 45 यात्रियों को लेकर चिमूर से नागपुर जा रही थी, तभी चिमूर और पिंपलनेरी के बीच पुल के पास चालक को चक्कर आया और बस खेत में पलट गई, जिससे 17 यात्रियों को मामूली चोटें आईं और 2 यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। यह घटना गुरुवार सुबह 10:30 बजे हुई।

चिमूर डिपो की चिमूर-नागपुर, नागपुर-अहेरी बस सुबह 10:30 बजे डिपो से निकलती है। ड्राइवर एस.एस. पुसनाके और ड्राइवर बंडू उके दोनों ही 45 यात्रियों को लेकर जा रहे थे। जब बस डिपो



से दो किलोमीटर दूर थी, तब ड्राइवर को अचानक चक्कर आया और उसने बस पर से पूरा नियंत्रण खो दिया। बस मुड़ गई और सीधे एक खेत में जाकर पलट गई। ड्राइवर पुसनाके, महेंद्र मस्के, चिमूर, ड्राइवर बंडू उके, एकनाथ चौधरी नाचनभट्टी, भरत वैद्य, सुरेंद्र वैद्य, रेंगाबोडी रिया साथोने चिमूर, नारायण जांभाले, बाम्हनी, पकाश श्रीरामे, शेषराव करकाले चिमूर, चकधर पेंदाम कोलारा, दिनेश सावसकाले कपरला, सुरेखा वैद्य, वनिता चौखे, ज्ञानेश्वर बारेकर, सुभाष वाकडे मिंगारी, पभाकर बोरिकर उमरेड, नीलकंठ कोस्टाबे पौनी, शंकुतला नन्नावरे और 17 यात्री घायल हो गए। रामदास हजारे और शारदा हजारे चिमूर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका उपजिला अस्पताल चिमूर में इलाज चल रहा है। बस स्टैंड प्रबंधक ने उन्हें 500 और 1000 रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।

घटना की सूचना मिलते ही नागरिक घटनास्थल पर पहुंचे और बस से यात्रियों को निकालकर एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस बीच थानेदार संतोष बाकल, सहायक पुलिस निरीक्षक फुलेकर, पीएसआई दीप्ति मरकाम, डिपो मैनेजर रोशन मेहर, यातायात निरीक्षक सूरज मुन घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे और घटना की गहन जांच की।

## भोयगांव की घटना में युवक की नदी डूबकर मौत

**कोरपना, मनोज गोरे**



भोयगांव के गजानन रामदास वाटेकर जलस्तर की जानकारी न होने के कारण वर्धा नदी के पास भैरम घाट के पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक की पहचान कोरपना तालुका के अंतिम छोर पर स्थित भोयगांव निवासी गजानन रामदास वाटेकर के रूप में हुई है, जिनकी उम्र करीब 32 साल थी। गजानन बुधवार की सुबह वर्धा नदी से सटे अपने खेत में काम करने गए थे। लेकिन गजानन शाम तक घर नहीं आया। इसलिए परिवार और गांव वालों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन वह नहीं मिला। अगले दिन अचानक कुछ लोग अपने खेत पर गए और नदी के किनारे तलाश की। जब उन्होंने तलाश की तो नदी के किनारे गजानन के कपड़े मिले, तो उन्होंने पानी में उसकी तलाश शुरू की। बाद में नदी के पानी में एक बनियान तैरती हुई दिखाई दी। उन्होंने नाव की मदद से तलाश की तो सुबह करीब 9 बजे गजानन पानी में तैर रहा था। गजानन के मिलते ही पुलिस पाटिल ने गडचांदूर थाने को सूचना दी, गांव वाले भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बिना किसी देरी के मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए गड़चंदूर के ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। उनकी पत्नी और दो बच्चों सहित उनका परिवार उनकी मौत पर शोक मना रहा है। गड़चंदूर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## नगर निगम की कड़ी कार्रवाई, जब्त संपत्तियों की होगी नीलामी

> एक हजार से अधिक बकाया वालों के खिलाफ जब्ती की कड़ी कार्रवाई
> नगर निगम ने 31 मार्च से पहले संपत्ति कर जमा करने की अपील की

**चंद्रपुर**

चंद्रपुर नगर निगम ने 31 मार्च से पहले अधिक संपत्ति कर वसूलने की योजना बनाई है, और नगर निगम की टीमें बकाया संपत्ति कर वसूलने के लिए बकाएदारों के घर जा रही हैं। हालांकि 31 मार्च तक जुर्माने पर 25 प्रतिशत की छूट दी गई है, लेकिन कर न चुकाने वाले बकायेदारों की संपत्तियां अभी भी सील और जब्त की जा रही हैं। हाल ही में एमईएल वार्ड में तुकड़ोजी महाराज सेवा समिति की 13 संपत्तियों को सील किया गया है। प्रत्येक जोन में 15 रिकवरी टीमें हैं, जिनमें से 5 मार्केट रिकवरी के लिए तथा 17 मार्केट रिकवरी के लिए हैं, तथा अब तक 56.33% रिकवरी हो चुकी है। संपत्ति कर बकाया एवं चालू मांगों की कुल मांग 80 करोड़ 58 लाख रुपये है, जिसमें से 45 करोड़ 70 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। तीनों जोनों में कई संपत्ति मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा करों का भुगतान न करने पर 1,000 से अधिक संपत्तियां जब्त की गई हैं। बकाया राशि का भुगतान न किए जाने पर 15 दिन के भीतर जब्त की गई संपत्तियों पर कार्रवाई करने का अधिकार नगर पालिका को है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी तरह की आक्रामक कार्रवाई जारी रहेगी।इससे पहले नियमित एवं अग्रिम करदाताओं को चालू वर्ष की मांग पर 10 प्रतिशत की छूट तथा बकाया करदाताओं को 15 फरवरी तक पेनाल्टी पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी।





## मुक्ति फाउंडेशन ने जमीनी स्तर की महिलाओं को किया 'कल्पनाताई पालीकुंडवार नारी शक्ति पुरस्कार से' सम्मानित

**चंद्रपुर.**

मुक्ति फाउंडेशन कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गर्भ संस्कार कार्यक्रम से हुई। पूरे समारोह को वैदिक एवं आध्यात्मिक तरीके से मनाने का पूरा प्रयास किया गया। इस अवसर पर समाज में अद्वितीय कार्य करने वाली महिलाओं को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसमें समाज के निचले तबके की महिलाएं भी शामिल हैं।

## पिरली खेत-खलिहान में जुआरी पर पुलिस की छापेमारी

**भद्रावती.**



प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तालुका के पिरली में एक खेत में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारा और तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया। छह जुआरी मौके से भाग गये। इनके पास से 2 लाख 5 हजार 500 रुपए का माल जब्त किया गया है। गिरफ्तार किये गये तीन जुआरियों को चेतावनी देते हुए रिहा कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई भद्रावती पुलिस द्वारा मंगलवार, 18 तारीख को शाम 7:30 बजे की गई। भद्रावती पुलिस को सूचना मिली कि उक्त खेत में जुआ चल रहा है, जिसके बाद उन्होंने मौके पर छापा मारा और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल और 2 लाख 5,500 रुपये की नकदी जब्त की गई। यह कार्रवाई थानेदार लता वागड़े के मार्गदर्शन में महेंद्र बेसरकर, अनूप अष्टुनकर, विश्वनाथ चूधारी, जगदीश झाडे, निकेश ढेंगे और खुशाल कवडे द्वारा की गई।

# कोलगांव निवासियों ने किया हंसराज अहीर का शानदार सत्कार



**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

बल्लारपुर उत्तर पश्चिम परियोजना, कोलगांव के सभी बाकी भूमि परियोजना से प्रभावित लोगो की ओर से किसानों के मसीहा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर का शानदार नागरिक सत्कार का आयोजन 17 मार्च को किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय धोटे और सुदर्शन निमकर, वाघूजी गेडाम, राजू घरोटे, कोलगांव सरपंच अनिता पिंपलकर, उपसरपंच पुरुषोत्तम लांडे, मधुकर नारद, अरुण मस्की, संजय पवाडे और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ.

धोपतला परियोजना के लिए 810 हैक्टर भूमि अधिग्रहीत की गई। जिसमें धोपाटला, सास्ती, भड़ंगपुर साथ कोलगांव के आस-पास की 245 हैक्टर भूमि का अधिग्रहण हो गया। लेकिन बाकी का 337 हैक्टर भूमि परियोजना शुरू होने के बाद डम्पिंग और वर्धा नदी के नज़दीक बाढ़ परिस्थिति के कारण बाकी का ज़मीन पर कृषि कार्य करना असंभव होगा.

जनजीवन के लिए खतरा बढ़ गया है. मौजूदा उप-सरपंच पुरुषोत्तम लैंडे और सभी गांववालो ने अहीर के सामने यह संकट का डर दर्शाया.

अहीर द्वारा शेष कृषि भूमि समस्या के लिए और भविष्य में ग्रामीणों का जीवन के लिए खतरा पहचान कर तुरंत वरिष्ठ स्तर पर पालन करने के निर्देश दिए। गरीबो को भूमिगत और खुली परियोजना की धारा - 9 के बावजूद तय न होने के कारण बहुत बड़ी कठिनाई उत्पन्न हुई है. किसान के मसीहा अहीर द्वारा कोयला मंत्रालय भारत, वेकोली मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर बार-बार बैठको का आयोजन कीया,

किसानो ने अहीर का गांव में शानदार नागरिक जुलूस के साथ मेहमाननवाज़ी के चाँदी का हल, शाल, श्रीफल और गले में हार पहनाकर स्वागत किया. इस समय परिचय कोलगांव उप-सरपंच पुरुषोत्तम लैंडे द्वारा किया गया.

कार्यक्रम संचालन प्रदीप बोबडे द्वारा किया गया. इस समय मंचपर प्रशांत घरोटे और पूर्व विधायक संजय धोटे और सुदर्शन निमकर के मार्गदर्शन पर भाषण हुए।



# रश्मिका बोलीं, 'रात की शूटिंग करने पर मजबूर'



रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है. इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि वो थामा के सेट पर हैं. रश्मिका ने डायरेक्टर को लेकर रिएक्ट किया है.एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों 'थामा' की शूटिंगमें बिजी हैं. उन्होंने फिल्म के सेट से एक पोस्ट शेयर की है. एक्ट्रेस ने बताया कि निर्देशक आदित्य सरपोतदार जानते हैं कि "सही शब्दों" का इस्तेमाल करके वो एक्ट्रेस को खुश कर सकते हैं.पोस्ट को री-शेयर करते हुए, निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने लिखा: "जहां आम लोग रात से डरते हैं, वहीं वैंपायर अपनी शक्ति पाते हैं." रश्मिका ने इसका जवाब देते हुए लिखा- "स्मार्ट शब्द. बिल्कुल पता है कि 'थामा' (वैंपायर) को खुश कैसे किया जाए."

पोस्ट को री-शेयर करते हुए, निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने



लिखा: "जहां आम लोग रात से डरते हैं, वहीं वैंपायर अपनी शक्ति पाते हैं." रश्मिका ने इसका जवाब देते हुए लिखा- "स्मार्ट शब्द. बिल्कुल पता है कि 'थामा' (वैंपायर) को खुश कैसे किया जाए."फिल्म "थामा" एक इतिहासकार की कहानी पर आधारित है, जो प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करता है. स्थानीय वैंपायर किंवदंतियों के बारे में सच्चाइयों का खुलासा करता है. हाल ही में, रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर 'जो चीज़ें' उन्हें पसंद हैं, इस पर एक मजेदार सीरीज़ भी शुरू की थी.

बता दें कि रश्मिका की आगामी फिल्म "सिकंदर" ईद पर रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म 30 मार्च को रिलीज होगी. फिल्म को लेकर फैंस बहुत एक्साइटेड हैं.

# दिशा सालियान केस में नए मोड़ की उम्मीद

दिशा सालियान केस तो याद ही होगा  इस केस को लेकर एक फिर से आग भड़की है और दिशा के पिता ने एक बड़ा ले लिया है। सुशांत सिंह राजपूत की सेलिब्रिटी पीआर मैनेजर दिशा सालियान की मौत ने लोगों को हैरान कर दिया था और ये केस सुशांत के निधन के कुछ दिन बाद हुआ था,आज तक इसको लेकर कुछ ठोस पता नहीं चल पाया है। अब खबर आ रही है कि दिशा के पिता सतीश सालिया लेकर मुंबई हाईकोर्ट जाने का फैसला किया है।



उनके पिता ने हाईकोर्ट जाकर ये अर्जी लगानी है कि इस केस की सीबीआई जांच हो और सख्ती के साथ आरोपियों ने निपटा जाए। साल 2020 में हुए इस केस के सारे पत्ते अभी नहीं खुल पाए हैं,दिशा सालियान के इस केस को लेकर पिता का कहना है कि उनकी बेटी के साथ क्रूरतापूर्वत रेप किया गया और हत्या की गई थी। इसमें शिव सेना नेता और विधायक आदित्य ठाकरे को गिरफ्तार करें और उनके पूछताछ करें।हालांकि वकील का कहना है कि अभी याचिका दायर की गई और इसको लेकर सुनवाई होनी है। पुलिस ने निधन के बाद जो

ये घटना 8 जून साल 2020 की है और पुलिस ने बताया था कि 14वीं मंजिल से गिरकर दिखा का देहांत हुआ था। लेकिन अब जो याचिका दिशा सालियान के पिता ने दी है और वो काफी अलग है। उनका कहना है कि उनकी बेटी के साथ पहले बलात्कार हुआ है और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। पिता ने ये भी कहा कि, इस मामले में कुछ रसूखदार लोग शामिल हैं जिनको बचाने के लिए इस केस को ऐसा मोड़ दिया गया है। हालांकि सच्चाई क्या है ये तो आने वाले वक्त में अदालक में पता चल ही जाएगी। इस वक्त दिशा सालियान का केस फिर से गर्म हो गया है। इस केस को फरवरी में दर्ज किया गया था और कहा गया है कि दिशा की मौत एक हादसा नहीं बल्कि हत्या थी और मुंबई पुलिस ने इसके फैक्ट्स को बदला है।न ने इस केस को

# वीडियो देख फैंस बौखलाए, हार्दिक की नई हसीना



सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो बीते साल का बताया जा रहा है। इस वीडियो में हार्दिक पांड्या अपनी नई गर्लफ्रेंड जैस्मिन वालिया के साथ खूबसूरत पल बिताते नजर आ रहे हैं। अब इस वीडियो के देख लोग भड़क गए हैं और ऐसी-ऐसी बातें कर रहे हैं।हार्दिक पांड्या और नताशा स्टैनकोविक पिछले साल अपनी निजी जिंदगी की वजह से सुर्खियों में रहे थे। कपल के अलगाव की खबरें हेडलाइन्स बनीं। इस जोड़े ने जब अलग होने का फैसला किया तो कई लोगों ने उनके अलगाव का कारण जाने बिना की नताशा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक्ट्रेस को गोल्ड डिगर, पैसे वसूलने वाली, बुरे वक्त में साथ छोड़ने वाली और चीटर जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। लोगों को आलोचनाओं पर एक्ट्रेस ने कभी भी रिएक्ट नहीं किया। अब लगभग एक साल बाद हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ। ये वीडियो भी बीते साल तलाक के बाद का ही बताया जा रहा है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी नई गर्लफ्रेंड जैस्मीन वालिया के साथ श्रीलंका दौरे के दौरान देखे गए थे, जो उनके तलाक के ठीक 9 दिन बाद ही हुआ था।तलाक के दौरान नताशा को लेकर ऐसे दावे किए गए कि नताशा हार्दिक के पैसे के पीछे थी, कुछ लोगों ने तो उन पर गुजारा भत्ता मांगने का भी आरोप लगाया। हार्दिक भी कभी नताशा के सपोर्ट में नहीं आए। अब वायरल हो रही इस क्लिप में जैस्मीन एक कार से बाहर निकलती हैं। वो स्ट्रैपी स्लीवलेस व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने लुक को रेड स्लिंग बैग और सफेद स्लाइडर्स के साथ पूरा किया। इस वीडियो में हार्दिक भी वेकेशन वाले मूड में हैट लगाए दिख रहे हैं। दोनों ही साथ में जाते देखे जा सकते हैं। इस क्लिप ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को निराश कर दिया। अब लोगों का कहना है कि नताशा नहीं बल्कि हार्दिक पांड्या की गलती है।

# ब्रेकअप के बाद चुल कर गई 35 साल की हसीना

बीती रात मुंबई में ग्रेजिया फैशन अवॉर्ड 2025 इवेंट होस्ट किया गया जहां फिल्मी और टीवी सितारों से महफिल सजी। बॉलीवुड से लेकर टीवी स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से इवेंट में चार चांद लगाए। हसीनाओं के लुक्स ने सोशल मीडिया पर पूरी तरह कब्जा किया हुआ है। तमाम हीरोइनें एक से बढ़कर एक ग्लैमरस लुक में इस इवेंट में शिरकत तकरने के लिए पहुंचीं। मलाइका अरोड़ा इवेंट में ब्लैक हाई स्लिट ड्रेस में पहुंचीं। इस ड्रेस में वे बेहद ग्लैमरस दिख रही थीं। ब्लैक ड्रेस में मलाइका बेहद बोल्ड अवतार में अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही थीं।





# फिर एक बार हिना खान पर भड़कीं रोजलिन




टीवी एक्ट्रेस हिना खान फिर एक बार रोजलिन खान के निशाने पर आ गई हैं. इन दो टीवी एक्ट्रेस के बीच चल रहा विवाद दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है. दरअसल हिना खान की तरह रोजलिन भी एक कैंसर का सामना कर चुकी हैं. लेकिन उनका कहना है कि कैंसर पेशेंट की जिंदगी इतनी भी आसान नहीं होती, जितना हिना खान की तरफ से दिखाई जा राही है.टीवी जगत की जानी-मानी एक्ट्रेस हिना खान और रोजलिन खान के बीच का विवाद पिछले काफी समय से सुर्खियों में है. रोजलिन खान लगातार सोशल मीडिया पर हिना खान के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाती रही हैं. उनका आरोप है कि हिना खान अपनी बीमारी को लेकर झूठ बोल रही हैं और लोगों को गुमराह कर रही हैं. हालांकि, हिना खान ने रोजलिन के इन आरोपों पर अक्सर चुप्पी साधे रखी है. हाल ही में जब हिना खान ने अपनी हेल्थ अपडेट फैन्स के साथ शेयर की थी. उनकी इस पोस्ट के बाद रोजलिन ने हिना पर तंज कसते हुए कहा है कि कोई तो इसे पद्मश्री दे दो.दरअसल हिना खान फिलहाल उमरा कर रही हैं. उन्होंने हाल ही में अपने फैन्स से कहा था.


# माधुरी दीक्षित और अमिताभ बच्चन की अनोखी फिल्मी यात्रा



माधुरी दीक्षित 41 सालों से बॉलीवुड का हिस्सा हैं. अपने अब तक के करियर में उन्होंने सिर्फ एक ही फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ काम किया है. एक बार कुछ ऐसा हुआ था, जिसके बाद बिग बी ने फैसला किया था कि वो कभी भी माधुरी के साथ काम नहीं करेंगे.



अमिताभ बच्चन और माधुरी दीक्षित दोनों ही फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं. जहां एक तरफ बिग बी पिछले 56 सालों से फिल्मों में काम कर रहे हैं तो वहीं माधुरी भी 41 सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं. बिग बी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है तो वहीं माधुरी भी 72 से ज्यादा फिल्मों में दिखी हैं.दोनों ने अपनी मेहनत और उम्दा एक्टिंग के जरिए एक बड़ा मुकाम हासिल किया है. दोनों के बारे में कभी न कभी आपने एक बात जरूर नोटिस की होगी. वो ये है कि फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के गाने 'मेरे प्यार का रस चखना' के अलावा दोनों कभी भी किसी फिल्म में साथ नहीं दिखे. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर दोनों ने साथ काम क्यों नहीं किया. जब माधुरी नई-नई फिल्मों में आईं उसके बाद कई ऐसे मौके आए जब दोनों साथ में काम कर सकते थे, लेकिन बात बन नहीं पाई. साल 1989 में 'बंदुआ' के नाम से एक फिल्म बन रही थी. दोनों इस फिल्म में काम करने वाले थे, लेकिन किसी कारण से ये फिल्म डिब्बा बंद हो गईउसके बाद डायरेक्टर रितुपर्णो घोष भी दोनों को एक फिल्म में कास्ट करना चाहते थे, लेकिन रितुपर्णो की फिल्म भी बन नहीं पाई. माधुरी के करियर में एक समय ऐसा भी आया था जब उनकी फिल्में चल नहीं पा रही थीं.



# अक्षय कुमार के पहले प्यार का खुलासा

अक्षय कुमार ने कई हसीनाओं के साथ इश्क फरमाया है. अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्षय करियर की शुरुआत से ही काफी चर्चा में रहे हैं. उनका नाम इंडस्ट्री की कई एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा. लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि खिलाड़ी कुमार का दिल पहली बार किसे देखकर धड़का था.अक्षय कुमार सालभर फिल्मों की शूटिंग में बिजी रहने वाले एक्टर्स की लिस्ट में टॉप पर हैं. अक्षय साल में 3-4 फिल्में रिलीज करते हैं. उनकी फिल्में चले या न चलें वो बात अलग है. लेकिन खिलाड़ी कुमार हर दिन काम करते रहना पसंद करते हैं.अक्षय कुमार अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रह चुके हैं. एक्टर का नाम कई एक्ट्रेसेस से जुड़ चुका है. अक्षय जब इंडस्ट्री में आए थे, तो वो जिस भी हीरोइन के साथ काम करते उसके साथ उनका नाम जुड़ जाता था.काफी लोगों को लगता है कि अक्षय कुमार का पहला प्यार रवीना टंडन थीं. दोनों के प्यार के चर्चे इंडस्ट्री में खूब मशहूर हुआ करते थे. लेकिन अक्षय और रवीना के रिश्ते का अंत कुछ खास अच्छा नहीं था और न ही वो उनका पहला प्यार थीं.रवीना टंडन के बाद अक्षय कुमार का नाम शिल्पा शेट्टी से जुड़ा. कहा जाता है दोनों शादी भी करने वाले थे. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. शिल्पा ने तो अक्षय पर धोखा देने का आरोप तक लगाया था. लेकिन शिल्पा भी उनका पहला प्यार नहीं थीं.अक्षय कुमार ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका पहला प्यार कोई और नहीं बल्कि उनकी टीचर थी. एक्टर ने बताया था कि उन्होंने अपने दोस्त से कहा था कि वह उनसे प्यार करते हैं और उनसे शादी करना चाहते हैं.अक्षय कुमार ने ये भी कहा था कि इसमें कुछ गलत भी नहीं है क्योंकि ज्यादातर स्टूडेंट्स के टीचर्स ही उनका पहला प्यार होते हैं.

# धर्मेंद्र का ट्यूबवेल हादसा: ईशा ने सुनाया पूरा किस्सा



ईशा देओल ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि जब वह 11 साल की थीं तब उनके पिता और दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र ने उन्हें ट्यूबवेल में फेंक दिया था।ईशा देओल, विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। ये फिल्म 21 मार्च के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में ईशा इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। प्रमोशन के दौरान ईशा ने अपने बचपन के किस्से शेयर किए।ईशा ने न्यूज18 को दिए इंटरव्यू में कहा, "आप जानना चाहते हैं कि मैंने स्विमिंग कैसे सीखी? ये थोड़ी लम्बी कहानी है। मैं 11 साल की हो चुकी थी और मुझे स्विमिंग नहीं आती थी। हम सभी अपने फार्महाउस में थे और मेरे पापा के पास एक ट्यूबवेल था। उन्होंने मुझे पूछा, 'अभी तक स्विमिंग नहीं सीखी है तूने?' मैंने कहा, 'नहीं पापा।' उन्होंने मुझे उठाया और ट्यूबवेल में फेंक दिया। मैं चिल्लाने लगी, 'पापा, पापा! पापा देखते रहे, लेकिन मदद करने नहीं आए। फिर मैं तैरने लगी।' इस तरह मैंने तैरना सीखा।"

# 2025 में चैंपियन बनने का सपना, 25 खिलाड़ियों के साथ तैयार सीएसके

**नई दिल्ली.** चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए जानी जाती है. इसी के दम पर उसने 5 बार इस टूर्नामेंट के खिताब को जीता है. सीएसके की टीम पिछली बार 2023 में चैंपियन बनी थी. उसके बाद 2024 में वो 5वें नंबर पर रही और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी. लेकिन इस बार फ्रेंचाइजी ने 119.95 करोड़ रुपये खर्च करके 25 खिलाड़ियों की टीम खड़ी की है. अपने कई पुराने प्लेयर्स को भी टीम में शामिल किया है. साथ ही मजबूत स्पिन अटैक भी बनाने की कोशिश की है और चैंपियन बनने का सपना देख रही है. लेकिन अब सवाल ये है कि 25 में कौन से वो 12 खिलाड़ी होंगे जो उसे ट्रॉफी जिताएंगे?

**ऑलराउंडर से भरी होगी सीएसके की प्लेइंग-11**

चेन्नई साफ तौर पर स्पिन की रणनीति की ओर जाती हुई दिख रही है. इसलिए उसकी टीम में स्पिनर और स्पिन ऑलराउंडरों की भरमार है. 18वें सीजन में चेन्नई की टीम स्पिन का जादू दिखा सकती है. वो अपने पहले मुकाबले के लिए 23 मार्च को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ उतरेगी. इसी मैच में सीएसके के लिए 12 खिलाड़ियों की झलक देखने को मिलेगी. ऋतुराज गायकवाड टीम के कप्तान हैं, तो आईपीएल 2025 में उनका खेलना तय है. वहीं रचिन रवींद्र उनके साथ ओपनिंग कर सकते हैं. हालांकि, इससे पहले डेवोन कॉनवे ये जिम्मेदारी निभाते रहे हैं. लेकिन रचिन चैंपियंस ट्रॉफी से ही शानदार फॉर्म में हैं और स्पिन बॉलिंग का विकल्प भी देते हैं. इसलिए उनका खेलना तय माना जा रहा है.

**मिडिल ऑर्डर और फिनिशर**




इसके अलावा नंबर 3 पर राहुल त्रिपाठी बैटिंग करते हुए नजर आ सकते हैं. वो तूफानी बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं. वहीं नंबर 4 पर शिवम दुबे खेल सकते हैं. वो पिछले सीजन में भी इसी नंबर पर बैटिंग कर रहे थे. साथ ही गेंदबाजी भी कर लेते हैं. वहीं नंबर 5 पर दीपक हूडा बीच के ओवरों में भेजा जा सकता है. वो तेजी से बल्लेबाजी करने के साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी का भी विकल्प देते हैं. उनके बाद पेस बॉलिंग ऑलराउंडर सैम करन और स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का प्लेइंग इलेवन में होना तय है. जडेजा तो प्लेइंग इलेवन के रेगुलर मेंबर हैं. वहीं करन इस टीम में वापसी कर रहे हैं. 2021 में चैंपियन बनने के दौरान वो इस टीम का हिस्सा थे. उन्होंने जबरदस्त बैटिंग और बॉलिंग का प्रदर्शन किया था. इसके बाद बारी आती है टीम के सबसे सीनियर खिलाड़ी और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की, जो विकेटकीपिंग के साथ मैच फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं. पिछले सीजन में भी उन्हें यही जिम्मेदारी दी गई थी. इसके अलावा आर अश्विन भी 10 साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं. वो इस टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। इस बार फिर से वो जडेजा के साथ स्पिन अटैक की नेतृत्व करते हुए दिखेंगे. वहीं मथीशा पथिराना और खलील अहमद तेज गेंदबाज के तौर पर खेल सकते हैं. ये तो रही प्लेइंग इलेवन. अब चलते हैं 12वें खिलाड़ी यानि इम्पैक्ट प्लेयर की ओर.

**संभावित इम्पैक्ट प्लेयर**

नाथन एलिस इम्पैक्ट प्लेयर के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं. वो डेथ ओवर के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए कई मौकों पर शानदार गेंदबाजी की है. बीबीएल के पिछले सीजन में कप्तानी करते हुए अपनी टीम को उन्होंने चैंपियन भी बनाया था. वहीं लेफ्ट आर्म स्पिनर नूर अहमद भी चेन्नई की धीमी पिच के लिए अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं. इन दोनों में से किसी एक को मैदान पर उतारा जा सकता है.

संभावित प्लेइंग-11: रचिन रवींद्र, ऋतुराज गायकवाड, राहुल त्रिपाठी, दीपक हूडा, शिवम दुबे, सैम करन, रवींद्र जडेजा, महेंद्र सिंह धोनी, आर अश्विन, मथीशा पथिराना, खलील अहमद.

# आईपीएल 2025: केकेआर-लखनऊ मैच का वेन्यू बदला



**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज 22 मार्च से हो रहा है लेकिन इसकी शुरुआत होने से पहले ही इसका शेड्यूल बदल गया है. दरअसल इस लीग के एक मैच का शेड्यूल बदलना पड़ा है. केकेआर और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच 6 अप्रैल को होने वाले मैच का वेन्यू बदल गया है. ये मुकाबला पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना था लेकिन अब ये मुकाबला गुवाहाटी में होगा.ये फैसला कोलकाता में राम नवमी के उत्सव की वजह से लिया गया. दरअसल कोलकाता पुलिस ने ये जानकारी दी कि वो इस दिन पूरी सुरक्षा नहीं दे पाएंगे.

**बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन को नुकसान**

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ये जानकारी दी. स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि कोलकाता पुलिस ने साफ कर दिया है कि राम नवमी के दिन शहर में 20,000 से अधिक जुलूस निकलने की वजह से वे मैच के लिए पूरी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे. उन्होंने कहा, 'हमने बीसीसीआई को मैच का शेड्यूल बदलने के लिए कहा, लेकिन शहर में बाद में मैच आयोजित करने की कोई गुंजाइश नहीं है. अब ये मैच गुवाहाटी में होगा.' बता दें कोलकाता से ये मैच गुवाहाटी जाने का मतलब ये है कि इससे बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन को नुकसान होगा. इस मैच से सीएबी काफी पैसा कमा सकती थी लेकिन अब ये पैसा असम क्रिकेट एसोसिएशन की जेब में जाएगा.

गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के दो होम मैच भी होंगे. ये मुकाबले 26 मार्च और 30 मार्च को खेले जाएंगे इसके बाद, अब केकेआर बनाम एलएसजी मैच भी यहां खेला जाएगा. असम क्रिकेट एसोसिएशन ने मैच के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है.

आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स का शेड्यूल

22 मार्च, शाम 7:30 बजे : कोलकाता बनाम बेंगलुरु
वेन्यू: ईडन गार्डन्स, कोलकाता,
26 मार्च, शाम 7:30 बजे : राजस्थान बनाम कोलकाता
वेन्यू: एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी
31 मार्च, शाम 7:30 बजे : मुंबई बनाम कोलकाता
वेन्यू: वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई
3 अप्रैल, शाम 7:30 बजे : कोलकाता बनाम हैदराबाद
वेन्यू: ईडन गार्डन्स, कोलकाता
6 अप्रैल, दोपहर 3:30 बजे : कोलकाता बनाम लखनऊ
वेन्यू: गुवाहाटी
11 अप्रैल, शाम 7:30 बजे : चेन्नई बनाम कोलकाता
वेन्यू: एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई
15 अप्रैल, शाम 7:30 बजे : पंजाब बनाम कोलकाता
वेन्यू: महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लानपुर.
21 अप्रैल, शाम 7:30 बजे : कोलकाता बनाम गुजरात
वेन्यू: ईडन गार्डन्स, कोलकाता.
26 अप्रैल, शाम 7:30 बजे : कोलकाता बनाम पंजाब
वेन्यू: ईडन गार्डन्स, कोलकाता.
29 अप्रैल, शाम 7:30 बजे : दिल्ली बनाम कोलकाता
वेन्यू: अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली.
4 मई, दोपहर 3:30 बजे : कोलकाता बनाम राजस्थान
वेन्यू: ईडन गार्डन्स, कोलकाता.
7 मई, शाम 7:30 बजे : कोलकाता बनाम चेन्नई
वेन्यू: ईडन गार्डन्स, कोलकाता.
10 मई, शाम 7:30 बजे : हैदराबाद बनाम कोलकाता
वेन्यू: राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, हैदराबाद.
17 मई, शाम 7:30 बजे : बेंगलुरु बनाम कोलकाता
वेन्यू: एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु.

# आईपीएल 2025: गेंद पर लार का बैन हटा, गेंदबाजों को मिली राहत

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सीजन में एक पुराने नियम की वापसी हो गई है. आईपीएल 2025 सीजन शुरू होने से 2 दिन पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने गेंदबाजों को बड़ी राहत देते हुए गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगे बैन को हटा दिया है. ये बैन 2020 में कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान लगाया गया था. क्रिकेट में शुरू से ही गेंद को चमकाने के लिए लार का इस्तेमाल किया जाता रहा है. मगर 2020 में कोरोना वायरस महामारी के कहर के बाद आईसीसी की ओर से तब इंटरनेशनल क्रिकेट में ये बैन लगा दिया था. फिर आईपीएल में भी इसे लागू कर दिया गया था.

**टूर्नामेंट से पहले कप्तानों को दी जानकारी**

22 मार्च से शुरू हो रहे लीग के 18वें सीजन से ठीक पहले बोर्ड ने अब गेंदबाजों को बड़ी राहत देते हुए इस बैन को हटाने का फैसला किया. गुरुवार 20 मार्च को मुंबई में बीसीसीआई हेडक्वार्टर में




अधिकारियों और सभी 10 टीमों के कप्तानों की बैठक हुई. इसमें बोर्ड ने सभी कप्तानों को इस फैसले की जानकारी दी. यानि 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के साथ ही आईपीएल में अब पहले की ही तरह गेंदबाज लार का इस्तेमाल कर गेंद को चमका सकेंगे.हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ये बैन अभी भी जारी है.

कोरोना महामारी के खत्म होने के बाद आईसीसी ने इसे स्थायी तौर पर लागू कर दिया था. ऐसे में खिलाड़ी सिर्फ अपने पसीने के इस्तेमाल से ही गेंद को चमका पाते हैं. मगर पिछले कुछ वक्त से इस बैन को हटाने की मांग की जा रही थी और पुराने दौर की ही तरह लार के इस्तेमाल को मंजूरी देने की मांग की जा रही थी. कुछ ही दिन पहले स्टार भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी इस बैन को हटाने की मांग की थी और अब बोर्ड ने तुरंत ही इस पर एक्शन लेते हुए ये बैन हटा दिया.

**दूसरी पारी में 2 गेंदों का इस्तेमाल**

इसके अलावा एक और अहम नियम अब आईपीएल में आ रहा है. शाम को होने वाले मुकाबलों में ओस के असर को कम करने के लिए दूसरी पारी के दौरान दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा. इसके तहत दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रही टीम 10वें ओवर तक नई गेंद का इस्तेमाल कर सकेगी. इसके बाद 11वें ओवर से गेंद को बदला जाएगा और मैच का बाकी हिस्सा उससे ही पूरा होगा. हालांकि ये दूसरी गेंद नई नहीं होगी, बल्कि थोड़ा पुरानी होगी. हालांकि, अभी ये भी साफ नहीं है कि गेंद को बदलना अनिवार्य है या फील्डिंग टीम अपनी पसंद से ऐसा कर सकती है.

# नए कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी को उम्मीदें

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग का एक नया सीजन फिर से आ गया है. एक बार फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैन अपने ट्रॉफी के इंतजार के खत्म होने की उम्मीद करेंगे. हर बार की तरह एक बार फिर एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु को जुझारू फैन अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंचेंगे और इस बार भी उम्मीद यही होगी कि अपने घर को ये टीम किला बना सके, जिसमें वो हमेशा से नाकाम रही है. इस बार टीम एक नए कप्तान, रजत पाटीदार के नेतृत्व में अपना अभियान शुरू करेगी. मगर नए कप्तान रजत किस प्लेइंग-11 पर भरोसा जताएंगे, ये जानना जरूरी है क्योंकि टीम कुछ मोर्चों पर सही नजर आ रही है लेकिन फिर भी कुछ कमजोर दिखती है. आरसीबी ने पिछले सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया था. टीम चौथे स्थान पर रही थी और फिर एलिमिनेटर में हारकर बाहर हो गई थी. इस सीजन के लिए टीम ने अपनी लीडरशिप में बदलाव किया और पिछले 3 में से 2 सीजन में प्लेऑफ तक ले जाने वाले कप्तान फाफ डुप्लेसी को रिलीज किया और रजत पाटीदार को नया कप्तान बनाया है. पाटीदार ने पिछले 3 सीजन में अपनी विस्फोटक बैटिंग से इस टीम में खास जगह बनाई और अब वो टीम के कप्तान भी हैं. मगर आरसीबी के पिछले हर कप्तान की तरह उनके लिए भी ये कांटों के ताज जैसा ही है, जिसे सफलता की दरकार है लेकिन उससे ज्यादा आलोचनाओं की बौछार है. बेंगलुरु इस बार टूर्नामेंट के पहले मैच से ही अपने अभियान की शुरुआत करेगी. 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में उसका सामना डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा. वहीं लीग स्टेज में उसका आखिरी मैच भी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ही होगा लेकिन 17 मई को होने वाला वो मुकाबला चिन्नास्वामी में खेला जाएगा. बेंगलुरु ने इस बार डुप्लेसी के अलावा ग्लेन मैक्सवेल और मोहम्मद सिराज जैसे अपने भरोसेमंद खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया. इनके बदले लियम लिविंगस्टन और भुवनेश्वर जैसे सितारों को चुना है. इसमें भुवनेश्वर तो निश्चित तौर पर बेहतरीन सौदा नजर आते हैं लेकिन लिविंगस्टन क्या मैक्सवेल जितना भी असर डाल पाएंगे, ये कहना मुश्किल है.

# न्यूजीलैंड - पाकिस्तान: तीसरे टी20 के लिए संभावित प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली.** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेली जा रही पांच टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुक्रवार 21 मार्च को भारतीय समय नुसार, 11.15 बजे से खेला जाएगा। इस सीरीज के शुरुआती दो मुकाबले हारकर पाकिस्तान की टीम 0-2 से पिछड़ी हुई है। इसलिए तीसरा मैच उसके लिए करो या मरो वाला होने वाला है। पाकिस्तान की टीम इस मैच को जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी। ऐसे में मेहमान टीम की प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइये मैच से पहले आपको बताते हैं दोनों की संभावित प्लेइंग इलेवन कैसी होगी?




न्यूजीलैंड की टीम लगातार तीसरा टी20 जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने के लिए उतरेगी। ऐसे में वह पिछले मैच की विनिंग प्लेइंग इलेवन में शायद ही बदलाव करे। वहीं, पाकिस्तान के लिए ये सीरीज अभी तक बहुत बुरी गुजरी है।

न तो पाकिस्तान के बल्लेबाज कुछ कर पा रहे हैं और न ही गेंदबाज कीवी बल्लेबाजों को रोक पा रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव हो सकते हैं। मोहम्मद अली पहले और दूसरे मैच में खूब पिटे। ऐसे में उनकी जगह अबरार अहमद की प्लेइंग इलेवन में एंट्री हो सकती है। टिम सीफर्ट, फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, मिशेल हे (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), जैकरी फॉल्क्स, जैकब डफी, ईश सोढ़ी और बेन सियर्स।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: भारतीय टीम को मिलेगा 58 करोड़ का इनाम



**नई दिल्ली.** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को जीतने वाली भारतीय टीम के लिए बीसीसीआई ने अपनी तिजोरी खोल दी है. दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड ने टीम के लिए 58 करोड़ के इनाम का ऐलान किया है. जानिए रोहित-विराट जैसे दिग्गजों को कितना पैसा मिलेगा और हेड कोच गौतम गंभीर को कितनी रकम मिलेगी? एक दिलचस्प सवाल ये है कि जीत में योगदान देने वाले किस शख्स को सबसे कम रकम मिलने वाली है? एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सिर्फ बीसीसीआई का इनाम ही नहीं बल्कि आईसीसी से मिले 20 करोड़ रुपये भी सिर्फ खिलाड़ियों को ही दिए जाएंगे.

**58 करोड़ रुपये कैसे बंटेंगे?**

58 करोड़ रुपये की इस राशि में से 15 सदस्यीय टीम के हर खिलाड़ी को 3-3 करोड़ रुपये मिलेंगे. इसके अलावा, बीसीसीआई ने ये भी फैसला किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर मिलने वाली पुरस्कार राशि (2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 20 करोड़ रुपये) को सिर्फ टीम इंडिया के खिलाड़ियों के बीच किया जाएगा. मतलब इस रकम में हेड कोच और सपोर्ट स्टाफ का कोई हिस्सा नहीं होगा.

**सबसे कम पैसा किसे मिलेगा?**

भारत के हेड कोच गौतम गंभीर को भी खिलाड़ियों के बराबर 3 करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि सपोर्ट स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 50 लाख रुपये दिए जाएंगे. भारत के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर को 30 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि चयन समिति के अन्य चार सदस्यों को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे. बीसीसीआई के स्टाफ के सदस्य, जो टीम इंडिया के साथ दुबई में थे, उन्हें भी 25-25 लाख रुपये मिलेंगे.

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) टीम इंडिया को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी शानदार जीत के लिए 58 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा है. ये वित्तीय सम्मान खिलाड़ियों, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और मेंस टीम की चयन समिति के सदस्यों को उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है.

# पीवी सिंधु पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली.** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में डेनमार्क की जूली जैकबसेन से पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। बुधवार को खेले गये मुकाबले में सिंधु को 61 मिनट तक चले मुकाबले में जूली जैकबसेन से 21-17, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु इस वर्ष लगातार तीसरी बार पहले दौर में हारी है। पुरुष एकल में, किदांबी श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दौर में हमवतन एचएस प्रणय के खिलाफ कड़ी चुनौती के बीच मुकाबला 23-21, 23-21 से जीत लिया। श्रीकांत दूसरे दौर में चीन के ली शिफेंग से भिड़ेंगे। वहीं क्वालीफायर शंकर सुब्रमण्यन ने मैग्नस जोहानसन पर 21-5, 21-16 से शानदार जीत के साथ पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।35वें स्थान पर काबिज भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने स्थानीय खिलाड़ी टोबियास कुएंजी को मात्र 29 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर पुरुष एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका अगले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से मुकाबला होगा। दिन के अन्य मुकाबलों में अनुपमा ने उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन स्टार अनमोल खरब को 21-14, 21-13 से और इशारानी बरुआ ने आकर्शी कश्यप को 21-18, 17-21, 20-22 के स्कोर से हराया।

# हार्दिक पंड्या की कप्तानी में एमआई का कमबैक

**नई दिल्ली.** मुंबई इंडियंस के लिए पिछला सीजन अच्छा नहीं गुजरा था. 5 बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी यह टीम आखिरी नंबर पर रही थी. लेकिन मुंबई एक बार फिर से कमबैक के लिए तैयार है. कप्तान हार्दिक पंड्या ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही हुंकार भर दी है. लेकिन वो कौन से खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मौका देकर पंड्या छठी बार अपनी टीम को चैंपियन बनाने की कोशिश करेंगे? आईपीएल 2025 में मुंबई की संभावित प्लेइंग इलेवन क्या होगी? आइए जानते हैं. रोहित-रिकेलटन करेंगे ओपनिंग रोहित शर्मा इससे पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के साथ ओपनिंग करते रहे हैं. लेकिन इस बार उनके साथ यह जिम्मेदारी रायन रिकेलटन निभाएंगे. मुंबई इंडियंस ने उन्हें मेगा ऑक्शन के दौरान 1 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदा था. रिकेलटन एसए20 2025 में इस फ्रेंचाइजी की टीम एमआई केपटाउन को चैंपियन बना चुके हैं. टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा काफी समय से मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े हुए हैं. मुंबई ने उन्हें इस बार 8 करोड़ में रिटेन किया था. वह नंबर 3 पर बैटिंग करते हुए नजर आ सकते हैं. उन्होंने




साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम इंडिया के लिए इस पोजिशन पर 2 शतकीय पारी खेली थी. इसलिए पूरे सीजन में उन्हें इसी नंबर पर भेजा जा सकता है. वहीं, भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए दिख सकते हैं. इसके बाद बारी आएगी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या की. ये दोनों ही खिलाड़ी अपनी ताबड़तोड़ बैटिंग के लिए मशहूर हैं. ये होंगे फिनिशर, मिडिल ऑर्डर में तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे 3 भारतीय बल्लेबाजों के होने से मुंबई के पास साउथ अफ्रीका के पेस बॉलिंग ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश या न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज बेवन जैकब्स को फिनिशर के तौर पर उतारने का मौका होगा. बॉश भी एसए20 2025 में इस फ्रेंचाइजी की टीम एमआई केपटाउन के लिए खेल चुके हैं. पूरे सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और टीम को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी. उन्हें मुंबई ने लिजाड विलियम्स के रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया है. मुंबई इंडियंस ने मेगा ऑक्शन में इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स को 5.25 करोड़ की कीमत पर टीम में शामिल किया था. पिछले सीजन में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए वह दिखा चुके हैं कि टॉप ऑर्डर में कितने घातक साबित हो सकते हैं. हालांकि, फिलहाल उन्हें अपने मौके का इंतजार करना पड़ सकता है. गेंदबाजी में भी दम, मुंबई इंडियंस पिछले 3 सीजन से एक अच्छे स्पिनर की कमी महसूस करती रही है. लेकिन इस बार उनके पास न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान के तौर पर दो अच्छे स्पिनर मौजूद हैं. मुंबई की टीम दोनों ही खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन में शामिल कर सकती है. जसप्रीत बुमराह फिलहाल इंजरी की वजह से बाहर हैं और कुछ मैच मिस कर सकते हैं. लेकिन फिट होते ही वह सीधे टीम में शामिल हो जाएंगे. उनके अलावा ट्रेंट बोल्ट के तौर पर अनुभवी और घातक गेंदबाज भी मौजूद हैं, जिन्हें मुंबई ने 12.5 करोड़ में खरीदा था. चेन्नई से मुंबई में आए दीपक चाहर तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर खेल सकते हैं. वहीं, नमन धीर और विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन मिंज को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा जा सकता है.

